फ्रेंचाइजी ने आरसीबी का नया कप्तान मुझे नियुक्त किया है। माना जा रहा था कि कोहली और मुझमें से किसी एक को टीम की कमान सौंपी जा सकती है।
- रजत पाटीदार

भारतीय बल्लेबाज, मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

डी गुकेश

विश्व शतरंज चैंपियनशिप में डिंग लिरेन के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले डी गुकेश अपने शांत व्यवहार के लिए जाने जाते है। जीत के बाद भी उन्होंने शांत होकर ही अपनी जीत का जश्न मनाया। जिस शांत तरीके से गुकेश ने अपनी जीत और सफलता की खुशी मनाई थी, उसे देखकर पूरी दुनिया हैरान थी। ये पता चला कि मानसिक कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन गुकेश की विश्व चैंपियनशिप टीम का हिस्सा थे। अप्टन 2011 के वनडे विश्व कप जीत के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम करने के लिए प्रसिद्ध हैं।

क्या आप जानते हैं ?... साल 1932 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच मेलबर्न में ये मैच में खेला गया क्योंकि पूरा टेस्ट मैच पहले दिन के सिर्फ पांच घंटे और 53 मिनट के खेल में ही खत्म हो गया।

चोटिल पूजा वस्त्रकार, आशा शोभना डब्ल्यूपीएल से हुई बाहर

नई दिल्ली, 13 फरवरी। मुंबई इंडियंस (एमआई) की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकार और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लेग स्पिनर आशा शोभना चोट के कारण वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 से बाहर हो गई हैं। मलेशिया में अंडर-19 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रही परुनिका सिसोदिया और रेलवे की विकेटकीपर-बल्लेबाज नुजहत परवीन को क्रमशः एमआई और आरसीबी ने अपनी-अपनी टीमों शामिल किया है।

आईजीआई, हंसराज, खालसा, एसआरसीसी और एसपीएम कॉलेज ने जीते अपने-अपने मुकाबले

नई दिल्ली, 13 फरवरी। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, हंसराज कॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज ने गुरुवार को 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये पहले मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज में किरोड़ी मल कॉलेज को 8-1 हराया। इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की तरफ से फरमान और राम यादव ने दो-दो गोल किए और शेखर, सुमित, पुलकित और गुरमुख ने एक-एक गोल किया जबकि किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से एक गोल प्रज्ञात आनंद ने किया। पुलकित को उनके शानदार खेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

हम चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सक्षम है : शांतो

दुबई, 13 फरवरी। बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शांतों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहज में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैंदान में उतरेंगी। शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है।

राजस्थान महिला अंडर-23 कैम्प में दौसा से दो महिला खिलाड़ियों का चयन

जयपुर, 13 फरवरी। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान की अंडर-23 महिला कैम्प में दौसा जिले से दो महिला खिलाड़ी निधि सैनी और याना वर्मा का चयन हुआ है।यह कैम्प आरसीए द्वारा 13 फरवरी से आरसीए एकेडमी में आयोजित किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह बताया गया कि अब राजस्थान की टीम में प्रत्येक फॉर्मेट में दौसा जिले से खिलाड़ियों का कैम्प में और टीम में शामिल होना हमारे जिले के खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है ।आगे और टीम में हमारे खिलाड़ियों की खेल में गुणवत्ता कैसे सुधरे इसका प्रयास किया जा रहा है इससे पूर्वी भी अंडर 19 महिला टीम में राजस्थान की और से दौसा। जिले से 4 महिला खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया था जो कि दौसा जिले के लिए गौरव की बात है साथ ही जिला संघ के सभी पदाधिकारियों द्वारा चयनित महिला खिलाड़ियों को बधाई दी गई और उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

चम्बल स्पोर्ट्स क्लब ने जयपुर ब्लूज़ को तीन विकेट से हराया

जयपुर, 13 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में चम्बल स्पोर्ट्स क्लब ने जयपुर ब्लूज को 3 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में चम्बल स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले जयपुर ब्लूज को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जयपुर ब्लूज ने सचिन जाट के 79 रन, हर्ष यादव के 31 रन, लखन भारती के 54 रन, कुलदीप खुरानिया के 40 रन व योगेंद्र काकोडिया के 19 रनों से 47.2 ओवर में 256 रन बनाए। चम्बल स्पोर्ट्स क्लब के लिए मिहित अग्रवाल ने 31 पर 3, यश पांडे ने 42 पर 3, दिव्यांश शर्मा ने 36 पर 2 व आर्यन जैन एक विकेट लिया। जवाबी पारी में चम्बल स्पोर्ट्स क्लब ने हार्दिक कुक्कड़ के 62 रन, राहुल खंडेलवाल के 17 रन, लोकेश सैनी के 20 रन, आर्यन जैन के 45 रन, श्रेय सक्सेना के 39 रन नाबाद व मिहित अग्रवाल के 35 रनों से 49.3 ओवर में 7 विकेट पर 259 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुर ब्लूज के लिए मेहुल पारीक ने 31 पर 2, राहुल चौधरी ने 40 पर 2, लखन भारती व हिमांशू राणा ने 1-1 विकेट लिया। 14 फरवरी को सुराणा क्रिकेट एकेडमी बनाम राजीव गांधी क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा।

आईसीसी ने लगाया तीन पाकिस्तानियों पर भारी जुर्माना

नई दिल्ली, 13 फरवरी। आईसीसी ने पाकिस्तान के तीन खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया है। उसने शाहीन अफरीदी, सउद शकील और कामरान गुलाम को सजा सुनाई है। आईसीसी ने गुरुवार को एक्स के जरिए इसकी जानकारी शेयर की। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को त्रिकोणीय सीरीज के तीसरे मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया था। इस मुकाबले के दौरान तीनों ने आईसीसी के नियमों को तोड़ा था। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के मैच के दौरान ये तीनों ही खिलाड़ी आक्रामक अंदाज में आ गए थे।पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिये टीम इंडिया के साथ नहीं जाएगा परिवार

बीसीसीआई की नई ट्रैवल पॉलिसी है वजह

नई दिल्ली, 13 फरवरी। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ी अपने परिवार को साथ नहीं ले जा सकते। दरअसल, बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है। इसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है।

रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के 3 शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को है, लिहाजा ये दौरा 3 हफ्ते से कम समय का ही है, जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की मंजूरी नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो हफ्ते के लिए जा सकता है। अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है, लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा।

एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा। बोर्ड की नीति में कहा गया है कि, विदेश दौरे पर 45 दिन या उससे ज्यादा समय भारत से बाहर रहने पर खिलाड़ी की पत्नी और बच्चे अधिकतम दो सप्ताह के लिए साथ रह सकते हैं। इस नीति से अलग जाने पर उन्हें कोच, कप्तान और मैनेजमेंट से मंजूरी लेनी होगी। इससे इतर अवधि के लिए खर्च भी बोर्ड नहीं उठाएगा।

ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की 1-3 से हार के बाद ये नीति बनाई गई थी।निजी स्टाफ जैसे मैनेजर, एजेंट और शेफ पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। निजी स्टाफ पहले टीम और कोचिंग ग्रुप के साथ रहता था। नए नियम के अनुसार, कोचिंग स्टाफ के एक सदस्य का निजी सचिव जो नियमित रूप से टीम होटल में रहता था अब अलग होटल में रहेगा। वहीं ऐसा भी माना जा रहा है कि बोर्ड कुछ खिलाड़ियों की विशेष आहार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ शेफ को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहा है।

इंग्लैंड टीम पर भड़के दिग्गज पीटरसन

नई दिल्ली, 13 फरवरी। इंग्लैंड टीम को भारत दौरे पर बहुत बुरी असफलता देखने को मिली। भारत के खिलाफ पहले पांच मैंचों की टी20 सीरीज में 4-1 से करारी शिकस्त झेलने का मिली। उसके बाद वनडे सीरीज भी उसे 3-0 से गंवानी पड़ी। इस दौरान अहमदाबाद वनडे में कमेंट्री के दौरान पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने खुलासा किया कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने पूरी सीरीज में केवल एक प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन को अपने देश की टीम का ये फैसला खंजर की तरह चुभ रहा है पीटरसन इंग्लिश टीम पर जमकर भड़के हैं। उन्होंने इंग्लिश खिलाड़ियों को प्रतिबद्धता की कमी पर आड़े हाथ लिया। पीटरसन ने डिज्नी हॉटस्टार पर इंग्लैंड की हार के बाद कहा कि, रवि शास्त्री और मैं ऊपर बात कर रहे थे कि इन लोगों ने कम से कम पिछले हफ्ते प्रैक्टिस तो की होगी। उन्होंने सिर्फ नागपुर मैच से एक दिन पहले एक प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। उसके बाद से उन्होंने अभ्यास नहीं किया। केवल एक बल्लेबाज जो रूट ने नेट पर अभ्यास किया था। मुझे अफसोस है लेकिन आप उपमहाद्वीप में आकर वही गलतियां नहीं कर सकते। फिर तय करते हैं कि प्रैक्टिस नहीं करेंगे।

रणवीर इलाहबादिया से विराट और युवराज ने किया किनारा

नई दिल्ली, 13 फरवरी। सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट शेयर करके दावा किया जा रहा है कि विराट कोहली रणवीर इलाहबादिया को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे। हालांकि, विवाद के बाद कोहली की फॉलोइंग लिस्ट में रणवीर का नाम नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि विराट कोहली ने विवाद के बाद ही रणवीर को अनफॉलो किया है। वह नहीं चाहते हैं कि किसी भी तरह उनका नाम जोड़ा जाए।

मेडिकल टीम पर निर्भर करता है जसप्रीत बुमराह कितने समय तक बाहर रहेंगे : गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 13 फरवरी। टीम इंडिया को उस वक्त 440 वोल्ट का झटका लगा, जब धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए। वह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांचवें और आखिरी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे। संभावना जताई जा रही थी कि बुमराह 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी तक फिट हो सकते हैं। लेकिन बीसीसीआई ने हाल ही में अपडेटेड भारतीय स्क्वॉड से जसप्रीत बुमराह का नाम हटा दिया। उनके रिप्लेसमेंट के रूप में पेसर हर्षित राणा आए हैं। अब टीम इंडिया के हेड को गौतम गंभीर ने बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर चुप्पी तोड़ी है।गंभीर ने अमहदाबाद में तीसरे वनडे के बाद कहा कि, जाहिर है कि वह बाहर हो गए हैं। लेकिन मैं आपको सारी डिटेल नहीं दे सकता क्योंकि ये मेडिकल टीम पर निर्भर करता है कि वह कितने समय तक बाहर रहेंगे। एनसीए में मेडिकल टीम ही निर्णय लेती है। कोच ने कहा कि, जाहिर है कि हम उन्हें टीम में चाहते थे। हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। वह एक वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं। हालांकि, कुछ चीजें आपके हाथ में नहीं होती। ये युवा खिलाड़ियों, जैसे हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह के लिए एक अवसर है। कभी कभी ये ऐसे अवसर होते हैं जिनकी आपको तलाश होती है। हर्षित ने पूरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कुछ अहम विकेट लिए हैं। हम सभी जानते हैं कि अर्शदीप क्या कर सकते हैं। हां बुमराह की कमी हमेशा खलेगी। लेकिन शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ी का वापस आना हमेशा अच्छा होता है। हर्षित ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड वनडे सीरीज में तीन मैचों में कुल 6 विकेट झटके। अर्शदीप को एक मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने अहमदाबाद में दो शिकार किए। अनुभवी पेसर शमी ने दो मुकाबलों में दो विकेट लिए। वह आखिरी वनडे में भारतीय प्लेइंग का हिस्सा नहीं थे। भारत ने मंगलवार को अपने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड में दो बदलाव किए। हर्षित के अलावा मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की स्क्वॉड में एंट्री हुई है। उन्हें बल्लेबाज यशस्वी जायसवला की जगह शामिल किया गया। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत का अपडेटेड स्क्वॉड- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रविंद्र जडेजा।

5वां रोशनलाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट

विपुल ने राज खत्री को हराया

जयपुर, 13 फरवरी। राजापार्क स्थित सिंह बिलियड्र्स में आयोजित 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट में गुरुवार को खिलाडियों का प्रदर्शन में आज उलटफेर देखने को मिला। आज के मुख्य मैचों के स्कोर ऐसे रहे, आनंद को नमन ने 21-33, 59-49 से हराया, कुणाल ने प्रववी. की 64-66,34-47 से हराया, विशाल ने युसुफ की 53-48, 28-44 से हराया, सन्नी ने सौरभ को 53-32, 46-52, 53-18 से हराया सू कुमार में बाबू को 64-28.60-13 से हराया यश ने डा0 रमेश को 67-49,10-42, 14-72 से हराया।

26वें जयपुर विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का आयोजन 22 व 23 मार्च को

जयपुर, 13 फरवरी। राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब द्वारा राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से जयपुर के ताज जय महल पैलेस में 22 और 23 मार्च को जयपुर विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का 26वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इसकी घोषणा अशोक क्लब में राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब की सामान्य बैठक में की गई।

इस वर्ष शो में 100 से ज्यादा विंटेज और क्लासिक कारें शोकेस की जाएंगी, इनमें 100 साल से अधिक पुरानी कारें भी शामिल होंगी। ये कारें सिर्फ राजस्थान से ही नहीं बल्कि दिल्ली, गुड़गांव, चंडीगढ़ और मुंबई सहित अन्य राज्यों से भी आएंगी। यह जानकारी राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब जयपुर के जनरल सेक्रेटरी, अविजित सिंह बदनोर ने दी।

इस अवसर पर राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष, दयानिधि कासलीवाल; उपाध्यक्ष, सुधीर कासलीवाल; सुधांशु कासलीवाल और हमीद गनी सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इवेंट में फोर्ड मॉडल टी (1913), ऑस्टिन चम्मी (1923), रोल्स रॉयस (1934), कैडिलैक (1958), कैडिलैक वी16 (1931), शेवरले इम्पाला (1958), पैकर्ड कैवेलियर (1952) इंपीरियल आदि जैसी कई अनूठी विंटेज और क्लासिक कारें शामिल होंगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में देशभर से कार प्रेमी, कार क्लब और ऑटोमोबाइल में रुचि रखने वाले लोग हिस्सा लेंगे। एग्जीबिशन 22 मार्च को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक निशुल्क रहेगी। 23 मार्च को इन कारों की ड्राइव निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन उन पुराने मैकेनिकों को रोजगार के अवसर पैदा करने की प्रेरणा और उद्देश्य भी देता है, जिनका हुनर बदलती टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन के कारण बेकार हो गया है।

कल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 12 गोल का अंतर्राष्ट्रीय पोलो मैच

जयपुर, 13 फरवरी। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर 15 फरवरी को हाई-प्रोफाइल अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच खेला जाएगा। 12 गोल का यह मैच भारतीय टीम और दक्षिण अफ्रीकी टीम के बीच खेला जाएगा। यह मैच मौजूदा पोलो सीजन का मुख्य आकर्षण होगा।

भारतीय पोलो टीम का नेतृत्व हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (3) करेंगे। टीम के अन्य सदस्य अभिमन्यू पाठक (3), शमशीर अली (3), सिमरन शेरगिल (3) हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम में डंकन लो (2), टायसेन ओसुलिवन (4), जोहान डू प्रीज़ (4), उलरिच स्पाइज़ (2) शामिल होंगे। हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि हर सीजन में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच आयोजित किए जाएं। यह मैच गुलाबी नगर के पोलो प्रेमी दर्शकों के लिए एक बड़ा उपहार होगा। उन्होंने जयपुर में इस अंतर्राष्ट्रीय मैच के आयोजन के लिए इंडियन पोलो एसोसिएशन (आईपीए) के मानद सचिव, कर्नल वीएस कहलों, वीएसएम को धन्यवाद दिया। उन्होंने जयपुरवासियों से भी बड़ी संख्या में इस मैच को देखने के लिए आने का आग्रह किया।

आज से विमेंस प्रीमियर लीग का आगाज, 5 टीमों के बीच 22 मुकाबले

नई दिल्ली, 13 फरवरी। विमेंस प्रीमियर लीग 2025 का 14 फरवरी से आगाज होने जा रहा है। टूर्नामेंट की पांच टीमों के बीच कुल 22 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन का पहला मैच पिछले सीजन की विजेता टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा। बता दें कि, डब्ल्यूपीएल के अभी तक दो ही सीजन हुए हैं।साल 2023 में शुरू हुई इस लीग का पहला सीजन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मुंबई ने जीता था तो दूसरा सीजन 2024 स्मृति मंदाना की कप्तानी में आरसीबी ने जीता था। आरसीबी ने 2024 में कमाल का प्रदर्शन किया था। अब वह 2025 के सीजन के पहले मैच में गुजरात से भिड़ेगी।

वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 में कुल 5 टीमें आपस में भिड़ेंगी। जिसके तहत सभी टीमों के बीच कुल मिलाकर 22 मैच खेले जाएंगे। का एलिमिनेटर मैच 13 मार्च को मुंबई में आयोजित होगा। वहीं इसके बाद फाइनल मैच 15 मार्च को खेला जाएगा। ये मैच भी मुंबई में ही खेला जाएगा। पिछले साल एलिस हीली ने सबसे ज्यादा रन बनाए थे। एलिसा को ऑरेंज कैप मिली थी, उस दौरान उन्होंने 347 रन बनाए थे। तो दूसरी तरफ श्रेयंका पाटिल ने सबसे ज्यादा विकेट 13 अपने नाम किए थे। बता दें कि, 2024 का फाइनल दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के बीच खेला गया था। आरसीबी ने दिल्ली को 8 विकेट से मात दी थी।

खिलाड़ी डिजिटल रिपॉजिटरी में करे अपने सर्टिफिकेट अपलोड

स्पोर्ट्स प्रमाण-पत्र के लिए 'डिजिटल रिपॉजिटरी' पोर्टल खिलाड़ियों को समर्पित

जयपुर, 13 फरवरी। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की पालना में स्पोर्ट्स प्रमाण-पत्र के लिए डिजिटल रिपॉजिटरी पोर्टल खिलाडियों को समर्पित कर दिया गया है। जिसमें खिलाड़ियों ने सर्टिफिकेट अपलोड करना भी शुरू कर दिया है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि अब रिपॉजिटरी पोर्टल खिलाड़ियों को उनके सभी खेल प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की सुविधा देगा, जिससे उन्हें भौतिक प्रमाण पत्रों की सुरक्षा की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। उन्होने बताया कि खिलाडी एस.एस.ओ. आइडी पर लोगिन करें, जंहा स्पोर्ट्स व यूथ पर क्लिक करके जीटूसी आइकोन पर क्लिक करे, जिसके बाद स्पोर्ट्स और यूथ पर क्लिक करें। इसके बाद अलग-अलग मोड दिखाई देगे, जिसमें डिजिटल रिपोजिटरी आईकन पर क्लिक करके जनाधार अपलोड कर देंने के बाद अपने आप डिटेल आ जायेगी। इसके बाद खिलाडी जिन प्रतियोगिताओं में खेले उनके सर्टिफिकेट अपलोड कर फिर सबमिट कर दे।

राजस्थान रॉयल्स ने साईराज बहुतुले को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया

पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रॉयल्स के कोचिंग सेटअप में वापस लौटे, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़े

जयपुर, 13 फरवरी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे प्रतिष्ठित फ्रैंचाइजी में से एक, राजस्थान रॉयल्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को टीम के स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। 52 वर्षीय साईराज बहुतुले 2018-21 से सेटअप का हिस्सा रहे हैं और रॉयल्स में वापस लौटे हैं। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव का खजाना है। भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक दिग्गज, बहुतुले के पास प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 630 से अधिक विकेट और 6,000 रन बनाने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। उन्होंने दो टेस्ट और आठ वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद से एक सफल कोचिंग करियर में तब्दील हो गए हैं, जिसमें उन्होंने मुंबई, बंगाल, केरल और भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम जैसी टीमों को सलाह दी है, जहाँ उन्होंने उभरती प्रतिभाओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बहुतुले का फ्रैंचाइज़ी में स्वागत करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा: सैराज की स्पिन गेंदबाजी की गहरी समझ और उनके व्यापक कोचिंग अनुभव ने उन्हें हमारी टीम के लिए एक अमूल्य जोड़ बना दिया है। युवा गेंदबाजों को सलाह देने की उनकी सिद्ध क्षमता राजस्थान रॉयल्स में हमारे विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। उनके साथ पहले काम करने के बाद, मुझे विश्वास है कि उनकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन हमारे खिलाड़ियों को काफी लाभान्वित करेगा क्योंकि हम आगामी सीज़न में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं।" अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, साईराज बहुतुले ने टिप्पणी की: "राजस्थान रॉयल्स में फिर से शामिल होना एक बहुत बड़ा सम्मान है।

प्रतिभा को निखारने और क्रिकेट का एक रोमांचक ब्रांड खेलने के लिए फ्रैंचाइज़ी की प्रतिबद्धता मेरे अपने कोचिंग दर्शन से मेल खाती है। मैं राहुल और बाकी कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर हमारे गेंदबाजी आक्रमण को विकसित करने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य आगामी सीज़न में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करना है।" यह नियुक्ति 2025 के आईपीएल सीज़न की तैयारी के लिए विश्व स्तरीय कोचिंग समूह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स के समर्पण को रेखांकित करती है।

जब आरसीए से खेल परिषद का एमओयू खत्म हो गया तो एकेडमी में होटल कैसे बिना एमओयू के संचालित हो रही है

होटल संचालक पर कौन मेहरबान ?

जयपुर, 13 फरवरी। आरसीए की ओर से कई करोड़ रुपए की बकाया भुगतान राशि नहीं देने के कारण खेल परिषद की ओर से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन, राजस्थान क्रिकेट अकादमी के ऑफिस, सवाई मानसिंह स्टेडियम और होटल को कब्जे में ले रखा है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन और खेल परिषद के बीच स्टेडियम को लेकर हुआ एमओयू 22 फरवरी, 2024 को खत्म हो गया था। इसके बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने खेल परिषद से इसकी समय अवधि आगे बढ़ाने की मांग की थी लेकिन खेल परिषद ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की समय अवधि को आगे नहीं बढ़ाते हुए सवाई मानसिंह स्टेडियम और आरसीए एकेडमी को कब्जे में लिया था, इसको लेकर खेल परिषद सचिव ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव को पत्र लिखा था, जिसमें एमओयू खत्म होने के बाद फिर से एमओयू नहीं होने का हवाला दिया था। वहीं शर्तों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया था जिसके बाद खेल परिषद ने कार्रवाई करते हुए स्टेडियम पर अपना कब्जा ले लिया और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन पर खेल परिषद ने ताले लगा दिए थे। अब सवाल यह उठता है कि जब राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन जोकि सवाई मानसिंह स्टेडियम पर क्रिकेट का सुचारू संचालन करती थी उसे एमओयू के चलते बाहर का रास्ता दिखा दिया था। लेकिन राजस्थान क्रिकेट एकेडमी में संचालित होटल जिसका एमओयू राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से था वो अब तक बिना किसी एमओयू के वहां कैसे संचालित हो रही है। जबकि पंकज सिंह जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। एकेडमी में होटल का संचालन किस टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया? खेल परिषद ने कब एमओयू किया या लीज़ पर दिया? इससे होने वाली इनकम का कौन धनी-धोरी है? इसका पता नही चल पाया है। क्रिकेटरो के जीवन को तराशती राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ओर पंकज सिंह जैसे होनहार क्रिकेटर को स्टेडियम से बाहर का रास्ता दिखाने वाली खेल परिषद कैसे होटल संचालक पर किसके कहने या आदेश पर मेहरबान हो रही है। इस दाल में कितना कलापन है ये वव्रत बताएगा।